<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 20.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सजा पुनरीक्षण परिषद की बैठक, 15 कैदियों के मामलों की हुई समीक्षा, 6 कैदियों की रिहाई को मंजूरी।
2. भाजपा ने आईएएस राजीव रंजन पर लगाया टेंडर घोटाले का आरोप, झामुमो ने केंद्र से की कोयले की बढ़ी कीमतें वापस लेने की मांग।
3. रांची ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में पूर्व मैनेजर और उनके परजिनों की संपत्तियां की जब्त, 98 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क।
4. मौसम विभाग ने आज पूरे राज्य में आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान, ऑरेंज अलर्ट जारी, लोगों को सतर्क रहने की सलाह।

और

5. नई दिल्ली में आयोजित ट्रायल में एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड के 6 खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य सजा पुनरीक्षण परिषद की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। आजीवन कारावास की सजा काट रहे 15 कैदियों के मामलों की समीक्षा के बाद 6 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी है। पुलिस और जेल अधीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर सामाजिक संतुलन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया।

********************

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने आईएएस अधिकारी राजीव रंजन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर श्री शाह ने कहा कि परिवहन सचिव रहते हुए राजीव रंजन ने महज एक दिन के लिए ट्रांसपोर्ट कमिश्नर का पद संभालकर करोड़ों के टेंडरों वाली फाइलों का निपटारा किया। भाजपा नेता ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

********************

रांची में जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार से कोयले की बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र के इस फैसले से आम जनता और उद्योगों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि कीमतें कम नहीं हुईं, तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

********************

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू पीएनजी और परिवहन के लिए सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि दो सप्ताह के भीतर लगभग एक लाख 25 हजार घरेलू और वाणिज्यिक पीएनजी कनेक्शन जारी किए गए हैं।

********************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई की है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत, भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार और उनके परिजनों की दो संपत्तियां कुर्क की गई हैं। लगभग 98 लाख रुपये की इन संपत्तियों में साहिबगंज का आवास और पटना का एक फ्लैट शामिल है।

********************

लातेहार पुलिस ने गारू के मिर्चिया जंगल से नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियारों का जखीरा बरामद किया है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली मृत्युंजय भुइयां और बबलू राम की निशानदेही पर दो इंसास राइफल, एक कार्बाइन और 170 गोलियां बरामद की गईं। फिलहाल पुलिस नक्सलियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

********************

आज चैत्र नवरात्रि का दूसरा दिन है। आज श्रद्धालु माँ दुर्गा के दूसरे स्वरूप माँ ब्रह्मचारिणी की विशेष पूजा–अर्चना कर रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, तप का आचरण करने वाली माँ की आराधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। आज सुबह से ही राज्य के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है।

********************

झारखंड के लोकपर्व सरहुल की धूम राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में देखी जा रही है। कल यह प्रकृति पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा और शोभा यात्रा निकाली जायेगी। शोभा यात्रा को लेकर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। इधर, रांची के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सरहुल की पूर्व संध्या पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर की थाप पर सामूहिक नृत्य कर प्रकृति पर्व का स्वागत किया। मौके पर कुलपति राजीव मनोहर ने कहा कि सभी को अपनी संस्कृति से जुड़कर रहना चाहिए।

********************

इधर, कल शाम ईद का चांद नज़र नहीं आने के कारण अब कल शनिवार को ही झारखंड समेत पूरे देश में ईद–उल–फितर का त्योहार मनाया जाएगा। चांद समिति और उलेमाओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। मस्जिदों और ईदगाहों में कल सुबह विशेष नमाज़ अदा की जाएगी, जिसे लेकर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं।

********************

आज विश्व गौरैया दिवस है। इस अवसर पर राज्य भर में वन विभाग और विभिन्न संस्थाओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य लुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण और उनके अनुकूल वातावरण बनाने के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

********************

मौसम विभाग ने आज रांची, गुमला और खूंटी समेत समेत पूरे राज्य में तेज आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त किया है। मौसम की स्थिति को लेकर पूरे राज्य के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने और पेड़ों या बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

********************

नई दिल्ली में आयोजित ट्रायल में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में जगह पक्की की है। पुरुष वर्ग में दिनेश कुमार और सुनील बहादुर, जबकि महिला वर्ग में रूपा रानी तिर्की और रेशमा कुमारी का चयन हुआ है। अंडर–25 वर्ग में सौरभ कुमार और बसंती कुमारी ने शीर्ष रैंक हासिल कर राज्य का मान बढ़ाया है।

********************

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रामनवमी, ईद और सरहूल को लेकर राज्य में की गयी सुरक्षा तैयारियों की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा की गयी समीक्षा की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– रांची नगर निगम पर भाजपा का कब्जा, मेयर, डिप्टी मेयर और पार्षदों ने ली शपथ।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं– पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव के घर पर चला बुलडोजर।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– सरस मेला में बारिश के बाद शार्ट सर्किट से फैला करंट, वेंडर की मौत।

**दैनिक जागरण** के अनुसार– अब 26 अप्रैल को होगी झारखंड पात्रता परीक्षा।

**********समाप्त**********